# इण्टरमीडिएट परीक्षा, 2014
## सामान्य हिन्दी–द्वितीय प्रश्नपत्र

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** **305 (CH)** **[पूर्णांक : 50**

1. निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 4 + 4 = 8

(क) अहिंसामात्रेण स्वातन्त्र्यप्राप्तेः प्रयासः कल्पनामात्रमेवं इति निश्चित्य सः क्रान्तिपक्षमङ्गीकृतवान्। अस्योगक्रान्तिः भीताः आङ्ग्लशासकाः पुनरयम् कोलकातानगर्यां कारागारे अक्षिपन्। कष्टकरमिमं वृत्तान्तं श्रुत्वा सुभाषनुरक्तानां भारतीयानां हृदयं व्यदीर्यत। एकदा रात्रौ निद्राशीभूतेषु कारागार निरीक्षणकेषु वीरोऽयं सहसा समुत्थाय 'शठेशाठ्यं समाचरेत्' इति नीतिमनुसरन्, स्वेष्टसिद्धिं कामयामानश्च सिद्धिदात्री जगदम्बां संस्मृत्य कारागारात् बहिर्गतः।

*अथवा* अस्यैव कन्दरासु तपस्यन्तः अनेके ऋषयो मनुयश्च परां सिद्धिं प्राप्तवन्तः। अस्य सिद्धिमत्त्वं विलोक्यैव 'उपह्वरे गिरीणां सङ्गमे च नदीनां धिया विप्रोऽजायत' इति कथयन्तः वैदिकाः ऋषयः अस्य महत्त्वं स्वीकृतवन्तः। पुराणेषु सर्वविधानां सिद्धीनां प्रदातुः शिवस्य स्थानम् अस्यैव पर्वतस्य कैलासशिखरे स्वीकृतमस्ति। अस्यैव प्रदेशेषु बदीनाथ केदारनाथ पशुपतिनाथ हरिद्वार-हृषीकेश वैष्णव देवी ज्वालादेवीप्रभृतीनि तीर्थस्थानानि सन्ति।

(ख) जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि॥

*अथवा* ऋषयो राक्षसीमाहुः वाचमुन्मत्तदृप्तयोः।
सा योनिः सर्ववैराणां सा हि लोकस्य निर्ऋतिः॥

2. निम्नलिखित सूक्तियों में से किसी **एक** की सन्दर्भ सहित हिन्दी में व्याख्या कीजिए : 4

(अ) किमपि राष्ट्रमपरेण नाक्रंस्यते। (ब) जरामृत्युभयं नास्ति येषां कीर्तितनोः क्वचित्। (स) संस्कृतं नाम दैवी वागन्वाख्याता महर्षिभिः।

3. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किन्हीं **दो** के अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए : 2 + 2 = 4

(i) दाँतों तले उँगली दबाना। (ii) रङ्ग में भङ्ग पड़ना। (iii) आकाश-पाताल एक कर देना। (iv) एक तो करेला दूसरा नीम चढ़ा। (v) खोदा पहाड़ निकली चुहिया। (vi) न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी।

4. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कर लिखिए : 1+1+1 = 3

(i) 'पावकः' का सन्धि-विच्छेद है
(अ) पो + अकः (ब) पाव् + अकः।
(स) पौ + अकः (द) पा + वकः।

(ii) 'कवीन्द्रः' का सन्धि-विच्छेद है
(अ) कवी + न्द्रः (ब) कवि + इन्द्रः
(स) कव + ईन्द्रः (द) क + वीन्द्रः।

(iii) 'देवेन्द्रः' का सन्धि-विच्छेद है
(अ) दे + वेन्द्र (ब) देव + एन्द्रः
(स) देव + इन्द्रः (द) देव + ऐन्द्रः।

(ख) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए : 1+1 = 2

(i) नीड़-नीर
(अ) घोंसला और पानी (ब) पानी और बादल
(स) कमल और कीचड़ (द) पक्षी और जल।

(ii) क्षति-क्षिति
(अ) हानि और लाभ (ब) हानि और आकाश
(स) आकाश और पृथ्वी (द) हानि और पृथ्वी।

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द के **दो** अर्थ लिखिए : 2
(i) गति (ii) द्वित (iii) पतङ्ग।

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं **दो** के लिए **एक-एक** शब्द लिखिए :
(i) जिस पर आक्रमण न हो सके (ii) जीने की प्रबल इच्छा
(iii) जिसके हृदय में ममता न हो (iv) जो मृत्यु के समीप हो
(v) जो व्यक्ति अधिक बोलता हो।

(ङ) निम्नलिखित शब्द रूपों में से किसी **एक** का वचन और विभक्ति लिखिए :
(i) राज्ञे (ii) सरिति (iii) यस्मात्।

(च) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 1+1 = 2
(i) गम्भीर व्यक्ति के मन की थाह का पता नहीं चलता। (ii) यह मेरा मित्र है, यह मेरे साथ रहता है। (iii) आप को दवा लेना चाहिए। (iv) आप की कृपा-पत्र मिला।

5. (क) हास्य **अथवा** करुण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2
(ख) अनुप्रास **अथवा** उत्प्रेक्षा अलंकार का लक्षण उदाहरण-सहित लिखिए। 2
(ग) कुण्डलिया **अथवा** सोरठा छन्द का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2

6. स्थानीय इण्टरमीडिएट कॉलेज में लिपिक के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु विद्यालय के प्रबन्धक महोदय को एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 6

***अथवा*** नगर की सफाई हेतु नगर निगम को पत्र लिखिए।

7. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : 9

(i) भारत में आतंकवाद के बढ़ते कदम (ii) भ्रष्टाचार नियन्त्रण में युवा वर्ग का योगदान (iii) प्रदूषण की समस्या और समाधान (iv) सूचना प्रौद्योगिकी और मानव कल्याण (v) भारत में कम्प्यूटर की महत्ता।